प्राप्य अनुमोदनार्थ

प्रशासन 13/05/22 **E-mail**

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

सं० सं० : 01/भू०अ०नि० (3) विविध (वि०सर्वे०कानूनगो) सत्यापन– 29/2021 1175 **पटना, दिनांक :** 20-05-22

आदेश

निदेशालय ज्ञापांक– 10252 दिनांक 20.07.2020 द्वारा श्री धीरज कुमार, (Emp. ID- SKN00915), ज्ञापांक– 10871 दिनांक 21.09.2020 द्वारा श्री अरूण कुमार (Emp. ID- SKN04475), ज्ञापांक– 10874 दिनांक 21.09.2020 द्वारा सुश्री दीपिका प्रजापति, (Emp. ID- SKN04483) एवं ज्ञापांक– 10265 दिनांक 20.07.2020 द्वारा सुश्री आकांक्षा प्रियदर्शिणी (Emp. ID- SKN00687) विशेष सर्वेक्षण कानूनगो, बन्दोबस्त कार्यालय, बेगूसराय, कटिहार, अरवल एवं नालंदा को नियोजन के उपरांत इनके द्वारा समर्पित डिप्लोमा इन सिविल इंजीनियरिंग प्रमाण पत्र की जांच/सत्यापन के क्रम में संज्ञान में आया है कि निदेशालय स्तर पर प्रकाशित विज्ञापन संख्या– 04/2019 के अन्तर्गत विशेष सर्वेक्षण कानूनगो के पद पर मानदेय आधारित संविदा नियोजन हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता **सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा** निर्धारित है, जबकि उपरोक्त नामित कर्मियों का प्रकाशित विज्ञापन से भिन्न शैक्षणिक प्रमाण–पत्र पाया गया है।

उपरोक्त भिन्नता के बावजूद इन सभी संविदा नियोजित कर्मियों के कॉउन्सिलिंग के समय शैक्षणिक प्रमाण–पत्र सत्यापन/पुष्टि किये जाने के फलस्वरूप कॉउन्सिलिंग टीम में सम्मिलित पदाधिकारियों एवं कर्मियों से वस्तुस्थिति स्पष्ट करने के संबंध में इस कार्यालय के पत्रांक 52 दिनांक 06.01.2022, पत्रांक 53 दिनांक 06.01.2022, पत्रांक 54 दिनांक 06.01.2022 एवं पत्रांक 55 दिनांक 06.01.2022 के द्वारा की गई है, जिसमें से कुछ पदाधिकारियों एवं कर्मियों के वस्तुस्थिति प्राप्त हुआ है, जिस पर सभी संबंधित कर्मियों के भूमिका की गहन जांच प्रक्रियाधीन है।

संविदा नियोजित उपरोक्त कर्मियों से प्रकाशित विज्ञापन में निर्धारित शैक्षणिक योग्यता से भिन्न योग्यता के आधार पर नियोजन प्राप्त करने के विरूद्ध स्पष्टीकरण की मांग इस कार्यालय के पत्रांक 4637 दिनांक 29.12.2021, पत्रांक 4638 दिनांक 29.12.2021, पत्रांक 4639 दिनांक 29.12.2021 एवं पत्रांक 4640 दिनांक 29.12.2021 द्वारा 03 दिनों के अन्दर की गई है।

निर्धारित तिथि एवं समय तक श्री धीरज कुमार एवं श्री अरूण कुमार द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित नहीं किया गया है, इससे स्पष्ट होता है कि उक्त के संदर्भ में इन्हें कुछ नहीं कहना है। सुश्री दीपिका प्रजापति एवं सुश्री आकांक्षा प्रियदर्शिणी द्वारा अपना स्पष्टीकरण समर्पित किया गया है। सुश्री प्रजापति एवं सुश्री प्रियदर्शिणी का स्पष्टीकरण का अवलोकन किया गया। अवलोकन से स्पष्ट होता है कि इनके द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण में कोई ऐसा तथ्य नहीं दिया गया है, जो इनके प्रमाण–पत्र को विज्ञापन के अनुरूप दर्शाता हो।

अतः प्रकाशित विज्ञापन में निर्धारित न्यूनतम वांछित योग्यता से भिन्न शैक्षणिक योग्यता प्रमाण–पत्र रहने के कारण संविदा नियोजन हेतु निर्धारित Term of Assignment के कंडिका–4 में निहित प्रावधान के आलोक में उपरोक्त नामित संविदा कर्मियों यथा– श्री धीरज कुमार, श्री अरूण कुमार, सुश्री दीपिका प्रजापति एवं सुश्री आकांक्षा प्रियदर्शिणी संविदा कर्मी का नियोजन तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाता है।

(जय सिंह) 9/5/22
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01/भू०अ०नि० (3) विविध (वि०सर्वे०कानूनगो) सत्यापन– 29/2021 1175 **पटना, दिनांक :** 20-05-2022

प्रतिलिपि : बन्दोबस्त पदाधिकारी, बेगूसराय/कटिहार/अरवल एवं नालंदा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक 9/5/22
भू–अभिलेख एवं परिमाप

कृ०पृ०उ०

D:\Satish-2022\Bablu Sir\Order\29-2021-13-05-2022.doc

20-05-2022

ज्ञापांक : 01 / भू0अ0नि0 (3) विविध (वि0सर्वे0कानूनगो) सत्यापन– 29 / 2021 ...1175... पटना, दिनांक :

प्रतिलिपि : श्री धीरज कुमार (Emp. ID-SKN00915), E-mail ID : brb.roy04@gmail.com / श्री अरूण कुमार (Emp. ID-SKN04475), E-mail ID : santoshbihari9@gmail.com सुश्री दीपिका प्रजापति (Emp. ID-SKN04483), E-mail ID : deepikaprajapatikakor@gmail.com एवं सुश्री आकांक्षा प्रियदर्शिणी (Emp. ID-SKN00687), E-mail ID : priyadarshini.akankshya2014@gmail.com विशेष सर्वेक्षण कानूनगो, बन्दोबस्त कार्यालय, बेगूसराय / कटिहार / अरवल एवं नालंदा को सूचनार्थ प्रेषित।

19/5/22

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Satish-2022\Bablu Sir\Order\29-2021-13-05-2022.doc